दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासस‍ाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 31 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-179

# असम के गोहपुर में बोले पीएम मोदी, कांग्रेस के पास देश को लूटने वाले क्वात्रोची और मिशेल जैसे मामाओं की फौज




**गोहपुर (असम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम में लोकसभा चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। असम के गोहपुर में उन्होंने कहा कि आपके प्रदेश के हितों की रक्षा यह चौकीदार ही कर सकता है। इस चौकीदार से आपको प्यार है और उन्हें खौफ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास ऐसे मामाओं की फौज है, जिन्होंने देश को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि असम ने तो एक प्रधानमंत्री तक दिया, मगर वह ऐसे थे कि असम के लोगों को याद भी नहीं है। विपक्षी दलों के गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि महामिलावट वाले कोई दूसरे ही बाजे बजा रहे हैं। उन्होंने कहा, हालत इतनी खराब है कि इस चौकीदार का विरोध करते-करते वे भारत का भी विरोध करने लगे हैं। भारत का विरोध करने वालों का साथ असम देगा क्या? ऐसे लोग असम का भला कर सकते हैं क्या? ऐसे लोग असम में घुसपैठियों की समस्या को हल कर सकते हैं क्या

### कांग्रेस के पास क्वात्रोची और मिशेल जैसे मामाओं की फौज

प्रधानमंत्री ने कहा, कोई भी मामा देशहित से बड़ा नहीं हो सकता है। कांग्रेस के पास तो मामाओं की फौज है। क्वात्रोची मामा, मिशेल मामा। ये ऐसे मामा हैं, जिन्होंने देश को लूटने में कांग्रेस का साथ दिया। 11 अप्रैल के दिन आपके पास चौकीदार को मजबूत करके देश के दलालों और घुसपैठियों को कड़ा संदेश देने का अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने रैली में मैं भी चौकीदार के नारे भी लगवाए।

### भारत को लूटने वालों के साथ विदेश में क्या हो रहा, देखा होगा आपने

उन्होंने कहा, भारत को धोखा देने वालों और लूटने वालों के साथ देश से लेकर विदेश तक में क्या हो रहा है, आप टीवी पर देखते ही होंगे। असम का भला वही कर सकता है, जिनके दिल में असम बसता है। आप देख सकते हैं केंद्र और राज्य में बीजेपी की डबल इंजन वाली सरकार मिल जाने से कैसे विकास में तेजी आती है।

# घोषित हुआ 12वीं, बिहार बोर्ड परिणाम



BSEB Result 2019 की घोषणा कर दी गई है इसे आप बिहार स्कूल बोर्ड की ऑफिशल वेबसाइट पर देख सकते हैं। यह रिजल्ट पहली बार मार्च महीने में घोषित किया जा रहा है.... जारी कर दिया गया है इसे आप बिहार स्कूल एजुकेशन बोर्ड की ऑफिशल वेबसाइट्स पर जाकर देख सकते हैं। ज्यादा संख्या में छात्रों के वेबसाइट खोलने के कारण वेबसाइट खुल नहीं रही है इसलिए थोड़े समय बात कोशिश करें या बिहार बोर्ड की अन्य वेबसाइट पर रिजल्ट चेक करें। बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा में कुल 79.76 फीसदी छात्रों के हाथ सफलता लगी है। साइंस स्ट्रीम में रोहिणी कुमार और पवन कुमार ने टॉप किया है दोनो ने 94.6त्न अंक प्राप्त किए हैं। वहीं आट्र्स में रोहिणी रानी और मुकेश कुमार ने टॉप किया है दोनो ने 92.6 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। आपको बता दें कि पिछले साल बिहार बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में कुल 52.95 फीसदी छात्र ही पास हुए थे। इसमें आट्र्स स्ट्रीम में 63.12 फीसदी, कॉमर्स में 91.32 फीसदी और साइंस में 44.71 फीसदी छात्र पास हुए थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वेनेजुएला का चीन से 65 टन दवाईयां मिलीः उपराष्ट्रपति

**मेक्सिको सिटी (आरएनएस)।** वेनेजुएला के उपराष्ट्रपति ने कहा है कि शुक्रवार को उनके देश ने चीन से 65 टन दवाइयां प्राप्त की है। वेनेजुएला के टीवी प्रसारक ने शुक्रवार को देश के उपराष्ट्रपति टारेक एल ऐसामी को उद्धृत करते हुये कहा, हमें चीन से 65 टन दवाइयों का पहला खेप मिला है जिसमें मधमेह से पीड़ित लोगों के लिए भी दवाएं शामिल हैं। इससे पहले रूस ने भी वर्तमान में कई राजनीतिक और आर्थिक संकटों से गुजर रहे वेनेजुएला को दवाओं समेत कई तरह की सहायता उपलब्ध करायी है। रूस के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा था कि रूस ने हाल ही में आवश्यक वस्तुओं से भरा एक और जहाज वेनेजुएला के लिए भेजा है।

### बोल्टन ने मुझे सही तरीके से काम करने के लिए कहा हैः लोपेज

**काराकास (आरएनएस)।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैड्रिनो लोपेज ने कहा है कि देश में राजनीतिक और आर्थिक संकटों के बीच अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन उन्हें संदेश भेजकर सही तरीके से काम करने के लिए कहा है। रक्षा मंत्रालय की प्रेस सेवा ने श्री लोपेज को उद्धृत करते हुये कहा, श्री जॉन बोल्टन ने मुझे संदेश भेजकर सही तरीके से कार्य करने के लिए कहा है। मैं उनसे कह दिया है कि हम संविधान के अनुरूप सही तरीके से काम कर रहे हैं, जिसका अर्थ है कि हम अपने लोगों की इच्छा का सम्मान करते हैं और वैध एवं कानूनी अधिकारियों का समर्थन करते हैं। श्री बोल्टन वेनेजुएलाई राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के प्रबल आलोचक रहे हैं। मादुरो ने जनवरी में अपने नये कार्यकाल के लिए शपथ ली थी जिसके कुछ समय बाद ही विपक्षी नेता जुआन गुएडो ने खुद को वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित कर दिया था।

### स्लोवाकिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान

**ब्रातिस्लावा (आरएनएस)।** स्लोवाकिया के नागरिकों ने शनिवार को देश का नया राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान किया। राजनीतिक कार्यालय में किसी भी तरह का अनुभव नहीं रखने वाली पर्यावरण वकील जुजाना कैपुतोवा की इस चुनाव में जीत की ज्यादा संभावना है और वह यूरोपीय संघ और यूरोजोन सदस्य की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकती हैं। कैपुतोवा के सामने सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार मारोस सेफकोविक हैं। हाल ही में हुए दो ओपिनियन पोल में कैपुतोवा को कम से कम 60 फीसदी मत मिलते हुए दिखाया गया है।

### फैक्ट्री में विस्फोट से 5 लोगों की मौत

**पेइचिंग (आरएनएस)।** चीन के शानदोंग प्रांत में गैस लीक की वजह से एक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। करीब एक सप्ताह के भीतर देश में इस तरह की यह दूसरी घटना है। स्थानीय समय के अनुसार यह विस्फोट 9 बजकर 30 मिनट पर रात में किंगझु शहर में हुआ। सरकारी समाचार एजेंसी ने शनिवार को बताया कि इस विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हैं। यह एक निजी फैक्ट्री है और उसके मालिक को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### किशोरी के यौन शोषण पर भारतीय पादरी को छह वर्ष की जेल

**न्यूयॉर्क (आरएनएस)।** अमेरिका में एक किशोरी का यौन शोषण करने के जुर्म में भारत के पूर्व रोमन कैथोलिक पादरी को छह साल जेल की सजा सुनाई गई है। रैपिड सिटी जर्नल अखबार की एक खबर के अनुसार, जॉन प्रवीण (38) ने रैपिड सिटी चर्च में 13 वर्षीय लड़की को गलत तरीके से छूने का दोष फरवरी में स्वीकार किया था। न्यायाधीश स्टीवन मैंडल ने शुक्रवार को सजा सुनाई। अभियोजकों ने अधिकतम एक साल की जेल की सजा मांगी थी। मैंडल ने कहा कि प्रवीण के अपराध के लिए यह सजा ''पर्याप्त नहीं'' है। उन्होंने प्रवीण को छह साल जेल की सजा सुनाई और कहा कि उसे तीन साल बाद पैरोल मिल सकती है। इस सजा में जेल में काटे 178 दिन भी शामिल हैं।

# देश को दमदार चाहिए, दागदार नहीं:बीजेपी

**नईदिल्ली आरएनएस।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं. लिहाजा चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है. वोटर्स को लुभाने के लिए राजनीतिक दल लोकलुभावन वादे कर रहे हैं तो एक-दूसरे पर निशाना साधने से भी नहीं चूक रहे हैं. सत्ताधारी पार्टी बीजेपी ने एक कार्टून के जरिए विपक्ष पर निशाना साधा है.

बीजेपी ने शुक्रवार को अपने ट्विटर हैंडल से एक कार्टून शेयर किया जिसमें एक तरफ मोदी और दूसरी तरफ विपक्ष के सभी नेता खड़े नजर आ रहे हैं. बीच में खड़ी जनता दोनों पक्षों को देख रही है. कार्टून में मोदी के प्रधानमंत्री कार्यकाल की उपलब्धियां बताई गई हैं,

जिनमें घोटालों पर लगाम, सशक्त सैन्यकरण, जीरो टॉलरेंस आतंक नीति और अंतरिक्ष में महाशक्ति शामिल हैं. वहीं विपक्षी के तमात नेताओं को घोटालों में लिप्त दिखाया गया है. कार्टून में दिखाया गया है कि जनता कह रही है- देश को दमदार चाहिए, दागदार नहीं. बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 11 अप्रैल को मतदान होगा।

# नीरव मोदी ने गवाह को जान से मारने की धमकी दी

▶ **भारतीय अथॉरिटी के प्रतिनिधि ने लंदन कोर्ट में कहा**



**नई दिल्ली आरएनएस।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को भारत लाने की तैयारी के तहत आज लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में भारतीय प्राधिकरण ने महत्वपूर्ण दलीलें दीं। इस दौरान भारतीय प्राधिकरण की तरफ से पेश हुए क्राउन प्रॉसेक्यूशन सर्विस के टॉबी कैडमैन ने कोर्ट में जानकारी दी कि नीरव मोदी ने एक गवाह आशीष लाड को जान से मारने की धमकी दी थी। इसलिए नीरव मोदी को जमानत न दी जाए। कैडमैन ने कोर्ट में कहा कि नीरव मोदी को अगर जमानत मिल जाती है ये देश से भागने की कोशिश करेगा और फिर इसको पकड़ना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा यदि वह जेल से बाहर होता है तो सबूतों को नष्ट करने और गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास भी कर सकता है।

# वीवीपीएटी से मिलान के चलते 23 को नहीं 28 मई को आ पाएंगे नतीजे

▶ **चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया**



**नईदिल्ली आरएनएस।** लोकसभा चुनाव 2019 में वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों के इलेक्टॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से मिलान के मामले पर शुक्रवार को सुनवाई हुई. चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया अगर ईवीएम और वीवीपीएटी पर्चियों का मिलान 50 फीसदी तक बढ़ाने की मांग मान ली जाती है, तो चुनाव के नतीजे आने में 5 दिन ज्यादा लग सकते हैं. चुनाव आयोग की अधिसूचना के मुताबिक, सात फेज में वोटिंग के बाद आम चुनाव के बाद नतीजे 23 मई को आने हैं.

चुनाव आयोग का कहना है, अगर हर संसदीय या विधानसभा क्षेत्र की 50 प्रतिशत वीवीपीएटी पर्चियों का मिलान किया जाएगा, तो इससे गिनती करने का वक्त बढ़ेगा. ऐसे में नतीजे 23 मई की जगह 28 मई को आएंगे.

बता दें कि वीवीपीएटी पर्चियों के ईवीएम मशीनों के साथ मिलान की मांग को लेकर विपक्ष के करीब 21 नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. विपक्ष की मांग है कि एक निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 50 फीसदी वीवीपीएटी पर्चियों की मिलान किया जाए, ताकि चुनावी प्रक्रिया की शुद्धता पर आंच न आए. इसपर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से विचार करने को कहा था, जिसपर शुक्रवार को सुनवाई हुई. मामले में अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी.

इससे पहले हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम और वीवीपीएटी मामले को लेकर चुनाव आयोग से पूछा था कि अगर कोर्ट इस मामले पर कोई आदेश देता है, तो आयोग को उसे मानने में क्या दिक्कत है।

# मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के एक भी गांव नहीं गए : प्रियंका




**अयोध्या आरएनएस।** कांग्रेस महासचिव व पूर्वी उप्र की प्रभारी प्रियंका गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी पर शुक्रवार को यहां निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश-विदेश तो खूब घूमे, लेकिन आज तक अपने संसदीय क्षेत्र के किसी भी गांव में नहीं जा सके। कभी किसी गरीब को गले नहीं लगाया है। प्रियंका ने अयोध्या के आदिलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मोदी ने पांच सालों में सिर्फ झूठ बोला है। नौजवान बेरोजगार घूम रहा है। उन्हें नौजवारों की फिक्र नहीं है। प्रधानमंत्री के पास गरीबों के लिए समय नहीं है। भाजपा सरकार, जनविरोधी, किसान विरोधी है। इस सरकार में जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री देश-विदेश तो खूब घूमे हैं, लेकिन आज तक वह अपने संसदीय क्षेत्र के एक भी गांव में नहीं जा सके हैं। उन्होंने कभी किसी गरीब को गले तक नहीं लगाया है।

# आज पर्चा दाखिल करेंगे शाह, बादल रहेंगे साथ



**अहमदाबाद (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह शनिवार को गांधीनगर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में नामांकन करेंगे। शाह नामांकन के पहले यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और रोड शो करेंगे। इस मौके पर शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष राम विलास पासवान सहित राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन के तमाम दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। गांधीनगर से भाजपा के संस्थापकों में से एक पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी 1991 से छह बार सांसद रहे हैं। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि शाह करीब पौने दस बजे अहमदाबाद के नारयणपुरा में विशाल जनसभा करेंगे। इसके पश्चात् वे अहमदाबाद में ही होटल डी. आर. एच. से संट्रेक भाजी पाव तक एक रोड शो करेंगे। शाह दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांधीनगर के कलेक्टर कार्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए गांधीनगर संसदीय क्षेत्र से नामांकन करेंगे।

# मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को लंबे अरसे बाद मिला : वरुण



**पीलीभीत (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश को एक लंबे आरसे बाद ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जिसके बारे में छाती चौड़ी करके बोल सकते हैं कि हमारे पास ऐसा प्रधानमंत्री है। वरुण शुक्रवार को यहां अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा, मोदी के लिए देश के सिपाही की तरह उनका झंडा लेकर खड़ा हूं। जो काम उन्होंने पांच साल में किया है, वह अगले पायदान पर जाकर देश के मान सम्मान को बढ़ाए। देश को पूरी दुनिया में आगे ले जाकर छोड़े। एक लंबे अरसे बाद ऐसा प्रधानमंत्री देश को मिला है, जिसके बारे में छाती चौड़ी करके बोल सकते हैं कि हमारे पास ऐसा प्रधानमंत्री है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने किसानों के लिए काफी काम किया है, लेकिन हमारे लिए सुरक्षा भी एक अहम मुद्दा है।

# ईडी ने श्रीनगर में शब्बीर शाह के परिवार की संपत्ति जब्त की

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (जेकेडीएफपी) के अध्यक्ष शबीर अहमद शाह की आतंकवादी फंडिंग मामले में शुक्रवार को अचल संपत्ति जब्त कर ली। शाह वर्ष 2017 में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शाह की संपत्ति इफंदी बाग और रावलपोरा में है, जो उनकी पत्नी और बेटियों के नाम पर थी। उन्होंने कहा, धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत शाह की अचल संपत्ति जब्त कर ली गयी है।ईडी द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद सैयद अली शाह गिलानी की अध्यक्षता में कट्टरपंथी हुर्रियत कांफ्रेंस के महासचिव शाह को 26 जुलाई 2017 को राज्य पुलिस ने गिरफ्तार किया था। शाह उसी दिन दिल्ली ले जाया गया था।

शाह के खिलाफ एक दशक से अधिक पुराने धनशोधन का मामला दर्ज किया गया था।दिल्ली पुलिस के विशेष सेल ने कथित हवाला डीलर मोहम्मद असलम वानी को भी गिरफ्तार किया था जिसने पूछताछ के दौरान शाह को 2.25 करोड़ रुपये देने की बात कबूली थी। ईडी ने शाह और वानी के खिलाफ धनशोधन अधिनियम के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया था।

# कर्नाटक कांग्रेस ने ईसी, सीबीडीटी और राष्ट्रपति से की आयकर छापे रुकवाने की मांग



**नईदिल्ली (आरएनएस) ।** कांग्रेस नेता दिनेश गुंडु राव ने भारत निर्वाचन आयोग, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द को चिट्ठी लिखी है. गुंडुराव ने यह चिट्ठी कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर नेताओं, समर्थकों के आवास पर आयकर के छापों को लेकर लिखी है.

गुंडुराव ने चिट्ठी में लिखा है, केंद्र में सत्ताधारी पार्टी कर्नाटक और गोवा सर्कल के आयकर आयुक्त के कार्यालय का दुरुपयोग कर रही है, जिसकी ईमानदारी संदिग्ध है और जो कांग्रेस और जद (एस) के खिलाफ काम कर रहा है. उक्त अधिकारी अपने स्पष्ट कार्यों द्वारा बीजेपी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं.

गुंडुराव ने कहा कि हम आपसे निवेदन करते हैं कि आयकर विभाग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के हित में छापेमारी करने से रोकें.

इससे पहले आयकर विभाग ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के कुछ करीबी नेताओं के घर पर गुरुवार तड़के छापेमारी की थी, जिसे लेकर मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आयकर विभाग के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था. कुमारस्वामी, डिप्टी सीएम जी परमेश्वर, सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ आयकर विभाग के कार्यालय का घेराव करने पहुंचे थे.

इस दौरान कुमारस्वामी ने कहा था, आईटी विभाग को स्वतंत्र रूप से काम करना चाहिए. लेकिन वे मोदी और अमित शाह के निर्देशों पर काम कर रहे हैं. बीजेपी के सत्ता में आने के बाद इस तरह की तानाशाही शुरू हो गई है. उन्होंने कहा था , क्या आपको लगता है कि बेंगलुरु में आईटी निदेशक निर्दोष हैं? मेरे पास भी बहुत कुछ रिकॉर्ड है सीएम ने कहा, निदेशक के मुंबई में कई अपार्टमेंट हैं.

कुमारस्वामी ने आरोप लगाया है कि निदेशक का बीजेपी के साथ अच्छी सांठगांठ है. उनके रिटायर होने के बाद बीजेपी ने उन्हें राज्यपाल बनाने का वादा किया है.

# नैशनल हाइवे पर कार में हुआ धमाका

▶ **पास से गुजर रहा था सीआरपीएफ का काफिला**



**बनिहाल (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के नैशनल हाइवे पर शनिवार को एक कार में धमाका होने से अफरा-तफरी मच गई. जिस वक्त कार में धमाका हुआ पास से सीआरपीएफ का काफिला गुजर रहा था. कार में धमाका नैशनल हाइवे में बनिहाल के पास हुआ। बताया जा रहा है कि कार में सिलेंडर फटने की वजह से ब्लास्ट हुआ था. हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया. सीआरपीएफ के सूत्रों ने बताया, पृथम दृष्ट्या यह सिलेंडर ब्लास्ट लग रहा है. सीआरपीएफ का काफिला कुछ ही दूरी पर था, लेकिन यह हमला नहीं लग रहा है. जांच जारी है. गौरतलब है कि 14 फरवरी को पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर फिदायीन हमला हुआ था. इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे।